# कैमरों में कैद होगी हर गतिविधि, पुलिस अलर्ट

## 19 मार्च को बाबा कॉलोनी नई बस्ती में दो बच्चों की गला रेतकर कर दी गई थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी दो बच्चों की हत्या के बाद लोगों की बातों से परेशान होकर मृतक बच्चों के पिता विनोद कुमार ने अपनी ही बाइक में आग लगा दी और आत्मदाह का प्रयास किया, हालांकि वहां मौजूद एसएसबी के जवानों ने उन्हें समझाकर शांत कराया। इसके साथ ही पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। वहीं सुरक्षा के लिहाज से घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। बाइक को आग लगाने की घटना का पता लगते ही सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे और विनोद कुमार से बात की।

सुरक्षा के मद्देनजर विनोद कुमार के घर पर तीन सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। जिसमें दो कैमरे गेट के पास लगेंगे। तीसरा कैमरा दूसरी मंजिल पर लगाया जा रहा है। कैमरा लगने वाले संजय ने बताया कि विनोद कुमार कई दिन पहले से कैमरे लगवाने को बोल रहे थे लेकिन समय नहीं मिला था। अब कैमरे लगाए जा रहे हैं।

**एफएसएल भेजी जाएगी पिस्टल और बुलेटप्रूफ जैकेट:** मुठभेड़ के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा प्रयोग की गई सरकारी पिस्टल और प्रभारी निरीक्षक की पहनी बुलेटप्रूफ जैकेट एफएसएल भेजी जाएगी। मुठभेड़ के दौरान साजिद ने प्रभारी निरीक्षक को गोली मारी थी जो इसी जैकेट में लगी थी। हत्याकांड में प्रयोग किए गए छुरे पर फिंगर प्रिंट देखे जाएंगे।



घटना के बाद मौके पर जानकारी करते सीओ सिटी आलोक मिश्रा।



पीड़ित परिवार के घर पर सीसीटीवी कैमरे लगाता युवक।

### क्या करें कैसे जीएं, नींद भी नहीं आ रही

मृतक बच्चों की दादी व विनोद कुमार की मां मुन्नी देवी ने बताया कि परेशान होकर विनोद ने ही आग लगाई थी। क्या करें कैसे जीएं। रात में नींद नहीं आती। खाना अच्छा लग रहा है न पानीद्ध पत्रकारों से बात करते समय कहना कुछ चाह रहे हैं और मुंह से निकल कुछ और रहा है। एक हत्यारोपी के मुठभेड़ में मारे जाने के बारे में उन्होंने कहा कि इससे उन्हें कोई मतलब नहीं है, चैन नहीं है। मन पूरी तरह से बेचैन है।

### एक दिन पहले हटा फिर दोबारा लग गया पुलिस बल

पुलिस भले ही अपने जांच तेजी से कर रही है लेकिन पीड़ित परिवार संतुष्ट नहीं है। एक हत्यारोपी के मुठभेड़ में मारे जाने, दूसरे को जेल भेजने के बाद पीड़ित परिवार ने आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा करने की बात कही थी। जिसके बाद उनके घर के पास से पुलिस बल हटा लिया गया था। सीमा सुरक्षा बल की तैनाती की थी लेकिन रविवार को बाइक में आग लगाने की घटना के बाद वहां एसएसबी के अलावा पीएसी और पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# युवती ने दूसरे समुदाय के युवक से की शादी, अपनों से जताया जान का खतरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर लगाई सुरक्षा की गुहार
- दो दिन पहले बरेली जाकर रचाई शादी

**अमृत विचार :** एक समुदाय की युवती को दूसरे समुदाय के युवक से प्यार हो गया। दोनों ने मंदिर में जाकर प्रेम विवाह कर लिया। युवती ने अपने समुदाय के कुछ लोगों से जान का खतरा बताते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है। युवती ने मामले में कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

सिविल लाइन क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 साल की युवती ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है। जिसमें उन्होंने बताया कि वह विनीत कुमार से प्रेम करती है। वह हिंदू धर्म पसंद करती हैं, जिसमें विश्वास रखती हैं। जिसके चलते उन्होंने विनीत से शादी करने का निर्णय लिया था। दो दिन पहले बरेली जाकर विनीत के साथ शादी कर ली।

आरोप है कि जिसके बाद से उनके समुदाय के लोग उन्हें जान से मारना चाहते हैं। वह जान बचाने के लिए इधर-उधर भागती फिर रही हैं। कहा कि वह बालिग हैं और अपना अच्छा बुरा समझती हैं। उन्होंने शहर के एक इंटर कॉलेज से कक्षा सात पास किया था। जिसके शैक्षिक और जन्म प्रमाण पत्र उनके पास है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि अभी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। जानकारी करके आगे की कार्वाई की जाएगी।

### गड्ढे में पहिया जाने से अनियंत्रित हुई बाइक युवक की मौत

**बिसौली ।** भाई के धर्मकांटे से लौटते समय एक युवक की बाइक का पहिया सड़क पर गड्ढे में घुस गया। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। होली की खुशी गम में बदल गई। जिला कासगंज के थाना शाहवर क्षेत्र के गांव नगरिया निवासी अरविंद (27) पुत्र अमर सिंह सोलंकी तकरीबन 20 साल पहले कोतवाली बिसौली क्षेत्र की साईं बिहार कॉलोनी में रहने लगे थे। वह दिल्ली स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करते थे। होली के चलते दो दिन पहले ही वापस लौटकर आए थे। शनिवार शाम वह अपने भाई गिरीश के थाना इस्लामनगर क्षेत्र में गांव फतेहपुर स्थित धर्मकांटा पर गए थे। रात को बाइक से लौटकर आ रहे थे। रास्ते में बाइक का पहिया गड्ढे में चला गया, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई। वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी दिव्या और बेटा यूवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### होली पूजन के लिए फूल लेने जा रही बालिका की हादसे में मौत

**उघैती।** होली पूजन के लिए फूल लेने जा रही बालिका को पिकअप ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। थाना उघैती क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी सूरजपाल यादव की 9 साल की बेटी कीर्ति रविवार दोपहर लगभग दो बजे होली पूजन के लिए फूल लेने जंगल की ओर जा रही थी। रास्ते में पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। कीर्ति गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराया। घर पर होली की खुशी अचानक गम में बदल गई। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उसे टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### तेरहवीं में गया परिवार, चोरों ने पार कर लिए जेवरात

**बदायूं।** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के रिगालिया गार्डन के एक बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया। घर के ताले तोड़कर चोर जेवरात चोरी करके ले गए। किसी परिचित की तेरहवीं में गया परिवार लौटकर आया तो घर में सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। रिगालिया गार्डन निवासी दिनेश कुमार मिश्रा शहर में गोपी चौक पर आढ़त चलाते हैं। साथ ही एक प्रिंटिंग प्रेस है। उन्होंने बताया कि उनके साले की मौत हो गई थी। शुक्रवार को तेरहवीं थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह अपने परिवार के साथ गए थे। रात ज्यादा होने की वजह वह वहीं रुक गए। शनिवार शाम को लौटे तो घर के दरवाजे के ताले टूटे पड़े थे। भीतर जाकर देखा तो अलमारी खुली मिलीं। जिसमें से जेवरात गायब थे। जेवरात की कीमत की जानकारी की जा रही है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।














आप सभी को
होली के पावन पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं


आप सभी जनपद वासियों को
होली
की हार्दिक शुभकामनाऐं
Happy Holi
रंजीत कुमार (राजू आर्य)
प्रदेश प्रभारी- भारतीय किसान विकास मंच (उ.प्र.,उत्तराखण्ड,हिमाचल प्रदेश)
जिलाध्यक्ष- सनातन हिन्दु वाहिनी भारत, जनपद-एटा


समस्त जनपदवासियों को
स्व.श्री सोमेन्द्र बाबू जी
मिरहची
होली
की हार्दिक
शुभकामनाऐं
कुक्कू (बाबू जी)
अभिषेक (भट्टे वाले)


Hero
समस्त जनपद वासियों को
होली
की हार्दिक
शुभकामनाऐं
बाल मुकुन्द मोटर्स
जी.टी.रोड,एटा
प्रो. दिनेश चन्द्र अग्रवाल Mob: 9837007932


आप सभी को होली
की हार्दिक शुभकामनाऐं
DR. LOKMAN DAS PUBLIC SCHOOL, ETAH
KNOWLEDGE MATTERS
DR. LOKMAN DAS PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi. From Pre-Primary To 12th
Salient Features
• Flourished in more then 5 acres.
• Trained and qualified staff.
• English stream.
• Smart classes, e-learning" installed by teach-next.
• Constant monitoring through "CC monitoring" System.
• Well equipped computer lab, science lab & Library.
• Fully power backup through 30 kva genset.
• Arrangement of "Aqua-pure" Drinking Water.
• Sports and Extra-Curricular Activities like yoga & Meditation.
• Emphasis is given on foresight, furm determination, hard labour and discipline
• Transport facilities.
SENIOR SECONDARY
Chandpur, Aliganj Road, Etah
E-mail ID: drlokmandaspublicschool01@gmail.com
Website : www.dlpsgroup.org
Late Dr. Ashok Pachauri
Adv.LLB,Ph.D (Founder)
Swagat Pachauri
Chairman
Streams Available
•Science•Commerce•Art
Mob. 9897541157, 7520911618, 9997556624
Affiliation No. 21314333

रमज़ान मुबारक
25 मार्च 2024 चौदहवां रोज़ा इफ्तार 6:31
26 मार्च 2024 पंद्रहवां रोज़ा सहरी 4:46
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूं
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

# जर्जर सड़कों पर जलभराव, लोग हो रहे परेशान

## छह साल से नगर पालिका ने नहीं कराई सड़क की मरम्मत, कई बार हो चुके हादसे

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** कस्बे की जर्जर हो चुकी सड़कों पर चलना किसी मुसीबत से कम नहीं है। 25 वार्डों वाले बिसौली कस्बे में कई सड़कें तालाब बन चुकी हैं। जिसकी वजह से पैदल चलना तक मुश्किल है। गड्ढों की वजह से वाहन चालक आए दिन हादसों के शिकार होते रहते हैं।

कस्बे में कई सड़कें तालाब का रूप ले चुकी हैं। इन तालाबों में कस्बे का पानी भर रहा है। गंदे पानी में मच्छर पनपने की संभावना बनी हुई है। भारी गंदगी के कारण इधर से निकलने वाले लोग मुंह पर कपड़ा लगा कर निकलते हैं। खस्ताहाल सड़कों को ठीक करने की मांग काफी समय से की जा रही है। टूटी सड़कों की मरम्मत करने में नगर पालिका रुचि नहीं दिखा रही है। मोहल्ला बुध बाजार से इस्लामनगर-बिल्सी मार्ग पर जाने वाला रास्ता खस्ताहाल है, जिस पर बीच में डिवाइडर तो बना दिया है, लेकिन सड़क अभी जर्जर हालत में है। नगर में बिल्सी, इस्लामनगर व सहसवान की तरफ से आने के लिए इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। आंवला से दबतोरी मार्ग पर जाने के लिए बाईपास है, जिसकी हालत बद से बदतर है। आसफपुर मार्ग से मोहल्ला गदरपुरा में जाने के लिए तहसील रोड के सामने से रास्ता जाता है, जिस पर बजरी के अलावा कुछ नजर नहीं आता है।


टूटी सड़क पर तालाब की तरह भरा पानी। ● अमृत विचार


डिवाइडर के पास टूटी सड़क पर भरा पानी।

इस मार्ग पर कई बार दो पहिया वाहन फिसलने से हादसे भी हो चुके हैं। लोगों ने कहा है कि जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जाए जिससे लोगों को और स्कूली बच्चों को आवागमन में दिक्कत न हो।


हमारा निकलना इसी रोड से होता है, किराने का काम है। जब ग्राहक आते हैं तो उन्हें निकालने में बहुत ही परेशानी होती है। बहुत ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका ने इस ओर कभी भी कोई ध्यान नहीं दिया है।
–कपिल आनंद


बुध बाजार से इस्लामनगर वाले रोड पर बहुत ही अधिक लोगों का आना-जाना रहता है। विद्या मंदिर और ब्लूमिंग फ्लावर स्कूल के बच्चे भी इसी रोड से गुजरते हैं। बड़े लोग उस रोड से नहीं निकाल पाते हैं फिर बच्चों का क्या हाल होता होगा यह तो सभी जानते हैं।
–राहुल राज वार्ष्णेय।


घर के सामने से ही रोड है, 6 साल से ऐसे ही परेशानियों से जूझ रहे हैं। परंतु नगर पालिका ने अब तक कोई भी मरम्मत तक का कार्य इस रोड पर नहीं कराया है। विकास पुरुष कहे जाने वाले चेयरमैन साहब का विकास अगर देखना है तो इस रोड पर आकर देख लें।
–मनीष वार्ष्णेय।


यह बिसौली का मुख्य मार्ग है, इसको बहुत जल्दी ठीक होना चाहिए था, परंतु 6 सालों में यह रोड ठीक नहीं कराया गया, इससे नगर पालिका की अनियमितताएं साबित होती हैं। नगर के मुख्य मार्ग की स्थिति बहुत ही ख़राब है। तालाब की तरह भरे गड्ढे में ऑटो फंसते रहते हैं।
–सचिन।

# बढ़ी सख्ती, 73 पर गुंडा एक्ट और 40 पर लगी गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसएसपी के आदेश पर चलाया जा रहा है विशेष अभियान**
- **गुंडा एक्ट, गैंगस्टर के अलावा 76 जुआरी पकड़े, अवैध शराब के साथ पकड़े 218 तस्कर**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के चलते जिला और पुलिस प्रशासन की तैयारी तेजी से चल रही है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। जिले की पुलिस ने इस महीने आपराधिक किस्म के 73 लोगों पर गुंडा एक्ट और 40 पर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की है।

एसएसपी आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर अवैध व कच्ची शराब, अवैध शस्त्र की खरीद फरोख्त के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अपराध में संलिप्त शातिरों के खिलाफ गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करने के अलावा जुआ खेलने पर 33 रिपोर्ट दर्ज की और 76 लोगों को हिरासत में लिया गया। जिनसे 77 हजार 609 रुपये की बरामदगी हुई। अवैध शस्त्र के साथ पकड़े जाने पर 76 लोगों के खिलाफ 76 रिपोर्ट दर्ज हुईं। 25 अवैध तमंचे, 31 कारतूस व 55 चाकू बरामद किए। अवैध शराब में पकड़े जाने पर 217 रिपोर्ट दर्ज करने के साथ 218 लोगों को पकड़ा। जिनके पास से 3 हजार 378 लीटर अवैध शराब और दो शराब भट्ठी पकड़ीं। इसके अलावा एनडीपीएस एक्ट की 10 रिपोर्ट दर्ज की गईं। जिसमें 14 लोग शामिल थे। उनके पास से 17 किलो 300 ग्राम डोडा, 1.2 किग्रा गांजा और 12.6 किग्रा अफीम मिली। इसके साथ ही साथ चार फोन, एक कार, एक ट्रक, नशे के गोली के पत्तों में 140 गोलियां बरामद कीं। जिनकी कीमत लगभग छह करोड़ रुपये है। दर्ज की गईं 9 रिपोर्ट में 40 लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हुई। 40 आरोपियों को जिला बदर किया गया है। 257 वारंटी जेल भेजे गए। बदायूं पुलिस की यह कार्रवाई मार्च महीने की है।

## एक नजर

### लगेंगे 14 मेले और 21 जुलूस निकलेंगे

**बदायूं।** जिले में होलिका दहन के लिए जगह चिह्नित हैं। शहर में 203 स्थानों पर होलिका दहन होगा। जिसमें 126 स्थान कोतवाली सिविल लाइन और 77 स्थान कोतवाली सदर क्षेत्र में हैं। इसके अलावा 14 स्थानों पर मेला लगेगा और 21 जुलूस प्रस्तावित हैं। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया सीओ, 22 प्रभारी निरीक्षकों के अलावा 8 इंस्पेक्टर, 55 उपनिरीक्षक, चार महिला उपनिरीक्षक, 76 हेड कांस्टेबल, 218 कांस्टेबल, 75 महिला कांस्टेबल के अलावा छह यातायात पुलिसकर्मियों को तैनात गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बिल्सी।** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ गांव के एक युवक ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने रविवार को आरोपी तेजेंद्र को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### जेसीबी से उठाया कूड़ा

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मियों ने बरेली रोड स्थित नवादा से जेसीबी मशीन से गंदगी के ढेर उठाए गंदगी के ढेर हट जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। बरेली रोड स्थित नवादा में सड़कों के किनारे गंदगी के ढेर लगे हुए थे। रविवार को नगर पालिका की जेसीबी सड़क पर पहुंची और गंदगी के ढेर जेसीबी से उठा कर ट्रैक्टर ट्राली में भरे गए।

# नौ अप्रैल तक सूची में अपना नाम बढ़वा सकते हैं छूटे मतदाता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** इस बार 28260 नए मतदाता बने हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों के नाम अभी भी मतदाता सूची में नहीं है या तो वे गैर जनपद में थे या फिर किन्हीं कारणों से उनका नाम कट गया। इसी संसदीय क्षेत्र में वोट करने के लिए ऐसे लोगों को फिर मौका दिया गया है। अब वे 9 अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें तहसील तक दौड़ लगानी पड़ेगी।

12 अप्रैल से नामांकन शुरू हो जाएगा। सात मई को वोट पड़ेंगे और वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

### जिले में हैं 24,09,905 मतदाता

जिला अधिकारी ने बताया कि जनपद में 24,09,905 मतदाता हैं। इनमें से 12,92,286 पुरुष व 11,17,516 महिला मतदाता तथा 103 अन्य मतदाता हैं। जनपद में कुल 22,983 दिव्यांग मतदाता व 1929 सर्विस मतदाता, साथ ही 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 31,791 मतदाता तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 9,411 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि जनपद को 24 जोन व 225 सेक्टर में बांटा गया है। जनपद में 54 उड़न दस्ता दल, 18 वीडियो सर्विलांस टीम, 06 वीडियो अवलोकन टीम तथा 06 लेखा टीम बनाई गई है। उन्होंने बताया कि जनपद में 06 विधानसभा क्षेत्रों में 1720 मतदान केंद्र व 2577 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

- **सूची में नाम बढ़वाने के लिए मतदाता कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन**

जिला अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि फार्म छह भरकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का आवेदन कर सकते हैं। अगर आपका निवास स्थान बदल गया है तो फार्म सात भर सकते हैं। नाम बदलने के लिए फार्म आठ और स्थान परिवर्तन के लिए फार्म आठ ए भरा जाता है। मतदाता सूची में नाम बढ़ाने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल तय की गई है।

### भाजपा ने स्थानीय पुराने कार्यकर्ता पर जताया भरोसा

**बदायूं, अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने अपने युवा और तेजतर्रार, अच्छे संगठनकर्ता, कुशल रणनीतिकार भाजपा ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य को बदायूं लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी ने अपने बहुत पुराने और संघ विचारधारा के मूल कार्यकर्ता को टिकट दिया है जिससे पूरे जनपद के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के परिश्रम की पराकाष्ठा, मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से 2024 में बदायूं में पुन: कमल खिलेगा और मोदी जी हैट्रिक लगायेंगे।

# सलारपुर के औद्योगिक क्षेत्र में दिखा तेंदुआ, वन विभाग ने किया सतर्क

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के आंवला मार्ग स्थित इंडस्ट्रियल एरिया सलारपुर में रविवार सुबह पांच बजे तेंदुआ देखा गया। उक्त एरिया में सुबह के समय संचालित बैटरी फैक्ट्री में काम करने वाले गुड्डू नामक युवक ने छत से तेंदुआ का मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। इस क्षेत्र में तेंदुआ होने की सूचना पर वन विभाग ने लोगों को सावधान करते हुए रात के समय खेतों की ओर न जाने को कहा है।

सलारपुर के औद्योगिक इलाके में रविवार सुबह पांच बजे एक फैक्ट्री के पास तेंदुआ बैठा देखा गया। एक युवक ने तेंदुआ का वीडियो मोबाइल में कैद कर वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गयी कुक्ड फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज में भी तेंदुआ होने की वन दरोगा अशोक कुमार ने पुष्टि की है। वन दरोगा ने बताया कि तेंदुआ औद्योगिक क्षेत्र में देखा गया था। लेकिन यह नहीं पता चला है कि वह किस दिशा में गया है। औद्योगिक क्षेत्र के आसपास के गांव आरिफपुर नवादा, शिकारपुर, सालारपुर, आलमपुर, पडोलिया आदि गांवों के लोगों को चेतावनी दी गई है कि जंगल में खाली हाथ न निकलें, तेंदुआ की तलाश में सुबह और रविवार शाम के समय जंगल में कांम्बिग भी की गई है ।


सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र में बैठा तेंदुआ।

> वन विभाग की टीम लगा दी गयी है। तेंदुआ किस दिशा में गया है उसके पदचिन्हों को देख कर पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र में वन दरोगा अशोक कुमार सहित दो लोगों को लगाया गया है जो उस पर नजर बनाए हुए हैं। आस पास के गांवों के लोगों को सतर्क कर दिया गया है। यदि तेंदुआ दिखा तो पकड़ लिया जाएगा। **प्रदीप कुमार – डीएफओ।**




# युवाओं पर छाई मस्ती डीजे पर रात भर थिरके


बाबूराम मार्केट में लगाया गया डीजे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



पेंटर ने बनाई होली पर रंगोली ।

- **शहर में जगह जगह चौराहों पर लगे डीजे, सजाई गई रंगोली**

**अमृत विचार:** आपसी सौहार्द व प्रेम का प्रतीक होली का पर्व जिले में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। युवाओं में मस्ती छा गई है। शहर के विभिन्न चौराहों पर डीजे लगाया गया है। साथ ही रंगोली भी बनाई गई है। होली का पूजन करने के बाद रात लोग डीजे पर बज रहे गानों की धुन पर रात भर थिरकते रहे। लोगों के घरों में ढोलक की थाप पर महिलाएं होली के गीत गाती दिखीं।

रविवार की शाम से ही शहर भर में विभिन्न स्थानों पर डीजे की धुन पर लोग थिरकते देखे गए। होली की गीतों समेत विभिन्न फिल्मी गानों पर रातभर लोग नाचते-गाते रहे। जगह-जगह बड़ी-बड़ी होलिका रखी गईं। रातभर होली के हुरियारों की चहलकदमी के बाद दिन निकलते ही विधि-विधान से होलिका दहन किया गया। लोगों ने होली में गेहूं की बालियां व गन्ने अर्पित कर होलिका माता से सुख-समृद्धि की कामना की और जयकारे लगाए। इसके साथ ही टोलियां बनाकर युवा होली की मस्ती में सराबोर होते हुए शहर भर में घूमे, कोई बाइकर्स गैंग बनाकर निकला तो कोई पैदल ही नाचता-गाता रहा। इधर शहर के विभिन्न चौराहों पर बनाई रंगोली लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

# समाज सेवी ने दी कवितामई शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता,बदायूं

**अमृत विचार :** वरिष्ठ समाजसेवी एवं कवि अशोक खुराना ने होली के त्योहार पर लोगों को कवितामई शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शांति सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील करते हुए पंक्तियां लिखी हैं।

यूँ तो इस संसार में, हैं कितने ही रंग।होली का यह पर्व ही, मन में भरे उमंग।। रंगों से ही है सजा, यह सारा संसार । पुष्टि करे इस कथ्य की, होली का त्योहार।। बैरी सम दुष्कर्म हैं, सुकर्म कवच समान।

भस्म होलिका हो गयी, बचे भक्त के प्रान।। रंगों से ही है सजा, यह सारा संसार। कहीं खुशी के रंग हैं, कहीं हैं दुख अपार।। होली ऐसा पर्व है , सबको गले मिलाय । बैर भाव को जीत कर, मन में प्रेम जगाय।। मेरी है शुभकामना, इस पावन त्योहार। देश विरोधी भस्म हों, खुशियों की बौछार।।

## सार-संक्षेप

### महिला बंदियों, बच्चों को कपड़े, खाने का सामान बांटा



**बदायूं।** होली के उपलक्ष्य में बदायूं क्लब के सदस्यों ने रविवार को जिला कारागार के महिला बंदियों एवं बाल शिशु गृह में बच्चों के खेलने एवं उनके जरूरत की वस्तुएं, खिलौने, नये कपडे, रंग, गुझिया, बिस्कुट, चिप्स, फल,आदि वितरित कर उत्साह के साथ होली मनायी। रंग लगाकर सचिव डॉ. अक्षत अशेष ने सभी बच्चों और जेल के अधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर जिला कारागार अधीक्षक डॉ. विनय कुमार, जेलर रणविजय सिंह, व्यवसायी राजेश धींगड़ा आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सचिव डॉ. अक्षत अशेष ने कहा कि जब भी सम्भव हो इन बच्चों के लिए सहयोग करना चाहिए।

### बिल्सी के मंदिरों में आज होगी महाकाल की होली

**बिल्सी।** नगर के अटल चौक के निकट स्थित शिव शक्ति पीठ भवन मंदिर में महाकाल बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को महाकाल बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही राधा संग मोहन की होली मनमोहक झांकियों के साथ होगी। सभी भक्त श्री महाकाल दरबार में होली खेलेंगे। अनुभव वार्ष्णेय ने बताया कि नगर में दूसरी बार महाकाल की होली होने जा रही है। जिसको लेकर बाबा के भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। होली सुबह आठ बजे से शुरू होगी। इससे पहले यहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इधर नगर के कुटी मंदिर में महाकालेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में महाकाल की होली शाम सात बजे से खेली जाएगी। इससे पहले यहां भक्तों द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार कर आरती की जाएगी। बाद में प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### होली यज्ञ और पर्यावरण शुद्धि का पर्व है

**बिल्सी।** आर्य समाज गुधनी के अंतरराष्ट्रीय वेद प्रचारक समाज सुधारक आचार्य संजीव रूप के निर्देशन में होली के पर्व को पर्यावरण की शुद्धि के लिए यज्ञ पूर्वक मनाने को जिलेभर के पांच हजार परिवारों में नि:शुल्क होली सामग्री के पैकेट पहुंचाए गए। आचार्य संजीव रूप अपने साथियों के साथ बिल्सी, बिसौली, वजीरगंज, इस्लामनगर, बेहटा गुसाईं, बांस बरौलिया, रायपुर, सिरासौल, बहजोई, संभल, कैला देवी, बबराला, सहसवान आदि अनेक स्थानों पर लगभग दो हजार लोगों को सामग्री वितरित किए। विद्यालयों के शिक्षकों को आचार्य ने होली का महत्व बताया। सभी को सामग्री के पैकेट दिए, एसडीएम प्रवर्धन शर्मा, सीओ कार्यालय, थाना बिल्सी, डाक विभाग के सभी कर्मचारियों को सामग्री वितरित की गई। आचार्य संजीव रूप ने लोगों को बताया कि होली प्रेम सौहार्द का त्योहार है। यह एक यज्ञ है, इसमें गंदी वस्तुएं ना डालें। इसमें कपूर, हल्दी, गुड़, गिलोय, गोला आदि श्रद्धा से समर्पित करें। इससे पर्यावरण शुद्ध होगा, रोग शोक के बैक्टीरिया वायरस नष्ट होंगे। उनके साथ अगरपाल सिंह, राकेश आर्य, सत्यम आर्य, गोपाल आर्य, विकास, रितिक चौहान, प्रश्रय आर्य आदि लोग मौजूद रहे।

### आज डीजे की धुनों पर थिरकेंगे युवक

**बदायूं।** ककराला रोड स्थित गांव उपरैला निवासियों ने गांव में होली के मौके पर डीजे लगाया है। डीजे पर युवक डांस करेंगे। होली पर गांव-गांव युवक डीजे लगाकर रंगों का पर्व जोश खरोश के साथ मनाते हैं। धूम धड़का करने को डीजे लगाए जाते हैं। कभी-कभी ऐसे कार्यक्रमों से लड़ाई झगड़े की स्थिति बन जाती है। इसलिए थाना अलापुर पुलिस ने गांवों में घूम कर लोगों से अपील की है कि शांति पूर्वक होली मनाएं और डीजे न लगाएं। त्योहार पर किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए, सभी मिलकर त्योहार मनाएं।

खबरें पेज 13 व 14 पर भी पढ़ें...



आप सभी को
होली के पावन पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं


Happy Holi


आप सभी क्षेत्रवासियों को
होली के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
हरीश शाक्य
विधायक
बिल्सी


आप सभी क्षेत्रवासियों को होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत गंगवार
जिला समन्वयक
बालिका शिक्षा, बदायूं


ग्राम पंचायत मुगर्रा के शुभचिंतको एवं उसहैत क्षेत्रवसियों को
होली पर्व लोक महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
मुनीश कुमार
प्रधान पति
सतीश कुमार (सचिव)
ग्राम पंचायत मुगर्रा अतिराज
वि0 ख. उसावा (बदायू)


Happy Holi
आप सभी क्षेत्रवासियों को
होली के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
महेश चंद्र गुप्ता
सदर विधायक
विश्वजीत गुप्ता
युवा नेता


उसहैत चेयरमेन नवाब हसन दातागंज विधायक व ईओ एवं समस्त सभासदो की ओर से नगर व क्षेत्र के सभी शुभचिंतको को होली पर्व व रमजान माह के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
जनता से अपील:- 1. पालिका के करो यथा गृह कर, जलकर, जलमूल्य, किराया दुकान का समय से भुगतान कर छूट का लाभ उठाएं 2. पॉलीथिन कैरी बैग पर पूर्ण प्रतिबंध है पॉलिथीन का प्रयोग ना करें प्रतिबंधित पॉलिथीन बैग थर्माकोल गिलास, कटोरी,थाली आदि का प्रयोग ना करें एवं पर्यावरण को अनुकूल बनाने में सहयोग करें 3. स्वच्छ मंच पोर्टल पर रजिस्टर करें एवं स्वच्छता गतिविधियां अपलोड करें 4. पालिका की अनुज्ञाओ का समय से नवीकरण काराये 5. सफाई के उपरांत कूड़- कचरा सड़क पर नाभि के नहीं जलाएं पर्यावरण की स्वच्छता में सहयोग करें नगर पालिका द्वारा घर-घर कूड़ा कलेक्शन का कार्य कराया जा रहा है स्वच्छता का ध्यान रखकर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी को ही कूड़ा दे इधर-उधर ना फेंके 6. किसी भी प्रकार की निर्माण सामग्री, व घरों से निकलने वाले मालवे आदि को सार्वजनिक स्थान सड़क नाला नाली आदि पर ना लगे एनजीटी के निर्देश का पालन कर अर्थ दंड से बचे 7. जल ही जीवन है,जल की बचत करें आवश्यकता अनुसार कम से कम पानी का प्रयोग करें तथा प्रयोग के उपरांत पानी की टुटियां को खुला ना छोड़ें सड़कों पर अतिक्रमण न करें सभी 8. व्यापारी बंधुओ से भी अनुरोध है रोड पटरी पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें से आमजन को आवागमन मे असुविधा ना हो 9.आमजन को असुविधा ना हो सड़कों पर जानवरों को ना बांधे पशुओ को आवारा खुला ना छोड़े 10. जन्म मृत्यु का पंजीकरण 31 दिन के अंदर अवश्य कराये।
राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैय्या
विधायक दातागंज (बदायू)
नबाव हसन
चेयरमैन
नगर पंचायत उसहैत (बदायू)
रजनीश शर्मा
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत उसहैत (बदायू)
सभासदगण
सुरेश चंद्र सभासद वार्ड 1
सुखराम सभासद पति वार्ड-2
अशोक शाक्य सभासद वार्ड-3
हसरत फारूखी सभासद पुत्र वार्ड-4
आलेहसन सभासद पति वार्ड-5
राजीव भारद्वाज सभासद वार्ड 6
मुजीब खान सभासद वार्ड-7
जाकिर मंसूरी सभासद पति वार्ड-8
रामगोपाल कश्यप सभासद वार्ड -9
मा0 अलीजान सभासद वार्ड 10
रमेश चंद्र सभासद वार्ड 11

# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202


## शहर में आज

- नगर पालिका द्वारा होली मिलन शिविर शहर के बारहद्वारी पर शाम चार बजे
- बजरंग दल का होली मिलन समारोह कार्यालय पर शाम पांच बजे।
- आम आदमी पार्टी का होली मिलन समारो कार्यालय पर शाम छह बजे
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।

## एक नजर

### वृद्ध ने जहर खाकर खुदकुशी का किया प्रयास

एटा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम न्यौराई निवासी यतेन्द्र यादव (60) पुत्र करू सिंह ने घर पर ही जहर का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उनकी हालत खराब होने पर पुत्र राहुल द्वारा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात वृद्ध को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया हुआ है।

# धुलंद्री पर जमकर उड़ेगा रंग-गुलाल, कर लीं तैयारियां

## रंगोत्सव की पूर्व संध्या से ही दिखने लगा उत्साह, बाजार में जमकर की गई रंग-गुलाल की खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** होली पर्व आज मनाया जाएगा। शहर से लेकर गांव बच्चों, बुजुर्गों और युवा सभी रंगों से सरोवार नजर आएंगे। जमकर रंग गुलाल उड़ेगा। पूर्व संध्या से ही लोगों में होली पर्व के लिए खासा उत्साह दिखाई दिया। रंग गुलाल की जमकर बिक्री हुई।

धुलंद्री पर्व को लेकर पूर्व संध्या से ही लोगों में उत्साह दिखाई दिया। आज होली पर्व मनाया जाएगा। घरों में पर्व को लेकर तैयारियां देर रात तक चलती रहीं। रंगों के इस पर्व को उत्साह और हर्ष उल्लास से मनाने के लिए लोगों ने रंग गुलाल और पिचकारी की खरीददारी की। बाजारों में सुबह से शाम तक भीड़भाड़ रही। होलिका दहन स्थलों पर होलिका दहन के लिए स्थानीय समाजसेवियों द्वारा लकड़ी, उपले लगाए गए। रंगोली से होलिका दहन स्थलों का सजाया गया। वैसे तो होलिका दहन रविवार को ही होना चाहिए था, लेकिन जिले में परंपरा रही है कि धुलंद्री के दिन सुबह को ही होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन के लिए भी देर शाम तक तैयारियां की गई। मान्यता है कि होलिका दहन में होली की नई फसल को भूनकर एक दूसरे को देते हैं और गले लगाकर शुभकामनाएं देते हैं। इसी परंपरा के निर्वहन के लिए लोगों ने गेहूं, जों कीबालों को खरीदा। शहर के सोरों गेट, बाहरद्वारी, नदरई गेट, बिलराम गेट, मिशन रोड पर सहित दर्जनों स्थानों पर ग्रामीण गेहूं, जों की बाल बेचने के लिए पहुंचे। उन्होंने फुटपाथों पर दुकानें सजाई।



मोहनपुरा होलिका पार्क में सजी होली। ● अमृत विचार



शहर सूत की मंडी होलिका स्थल पर सजाई प्रतिमा।



शहर की बड़ी होली पर पूजन करतीं महिलाएं।

### पलास के फूलों की हुई खरीददारी

धुलंद्री के बाद नहाने के लिए टेसू के फूल का प्रयोग किए जाने की मान्यता है। मान्यता है यह है कि पलास के फूलों को पानी में भिगोकर फिर उसके पानी से नहाने से संक्रामक रोग नहीं होते हैं साथ ही त्वचा रोगों में भी लाभकारी होता है। मान्यता यह भी है कि बच्चों में चेचक और बड़ी माता की शिकायत भी नहीं होती है। यदि बच्चों को पलास के फूलों से होली के बाद निहलाया जाए।



शहर के नदरई गेट क्षेत्र में जों की बालियां खरीदते लोग। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने किया होली का पूजन:

हिंदू धर्म में होलिका दहन का पौराणिक एवं धार्मिक महत्व है। होली दहन बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाती है। इसलिए होलिका दहन से पूर्व विधि-विधान पूर्व होली का पूजन किया जाता है। जिसका उद्देश्य सुख, समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है। इतना नहीं बसंत ऋतु के आगमन का स्वागत एवं अग्नि देवता का धन्यवाद देना है। इसी मान्यता के चलते महिलाओं ने होलिका दहन स्थलों पर पहुंचकर विधि-विधान पूर्व पूजन किया। होली की परिक्रमा लगाई।

# गली, मोहल्लों में बच्चों ने खेली जमकर होली

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** होली पूजन के दिन रविवार को शाम होते ही सड़कों पर होली का शोर दिखाई देने लगा। बाइकों पर घूमती युवाओं की टोलियां रंग गुलाल फेंक रही थी। गली मुहल्लों में बच्चों ने जमकर होली खेली।

होली पर्व को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही हैं। रविवार को होली पूजन था। दिन भर बाजारों में चहल-पहल रही। रंग गुलाल और पिचकारी की दुकानों पर खरीददारों की सबसे अधिक भीड़ दिखाई दी। बच्चें तो सुबह से ही गली मुहल्ले में रंग गुलाल उड़ा रहे थे। शहर के मुहल्ला नवाब, सूत की मंडी, गली छेदा लाल, मीना बाजार, रेलवे रोड तहसील रोड साहब वाला पेच, बैंक कॉलोनी, मुहल्ला जय-जयराम, पंखा वाला बाग, लवकुश नगर, नदरई गेट, पाल नगर, गंगेश्वर कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, अशोक नगर सहित शहर की सभी आवासीय बस्तियों में बच्चे सुबह से ही होली खेलते दिखाई दिए। शाम होते ही युवाओं की टोलियां बाजारों में निकल पड़ी। होली का शोर दिखाई दिया। रंग गुलाल से रंगे युवा हेली की मस्ती में हुडदंग करते देखे गए।

**गायब हो गया टोपी, अंगोछा खींचने का खेल:** होली पर पहले बच्चे मछली के तार में कांटा बांधकर छत से उसे सड़क पर डालते थे, बच्चों के कुछ साथी सड़क पर राह चलते लोगों की टोपी और कंधों पर पड़ा अंगोछा में कांटा पीछे से लगाते थे। जब व्यक्ति आगे बढ़ता था तो अंगोछा और टॉपी स्वतः ही कांटे में हिलग जाती थी और छत पर बैठे बच्चे उसे खींच लेते थे। टोपी अंगोछा वापस करने बदले बच्चे व्यक्ति से कुछ पैसे लिए करते थे और व्यक्ति इसे होली की मजाक मांग कर खुशी खुशी पैसे देते थे, लेकिन अब यह खेल आधुनिकता के भेंट चढ़ गया।



शहर के सूत की मंडी क्षेत्र में होली खेलते बच्चे।

### बच्चों ने लोगों को भोंपू बजाकर चौंकाया

होली पर पुरानी खेल रहा है कि बच्चे डिब्बे के तलबे पर छेद कर उसमें सूतली बांध लेते हैं और फिर उसे खींचते है तो उसमें स्वान के भौंकने की आवाज निकलती है। ऐसा सुबह से ही बच्चे करते दिखे। राह निकालते लोगों के पीछे बच्चे भोंपू बजाते थे तो लोग श्वान समझकर चौंक उठते थे और फिर यह देखने वाले लोग व्यक्ति पर खिलखिला कर हंसते थे।

### उपचार को लाए गए ग्रामीण की मौत

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला संतोषनगर निवासी रोहित कुमार को 24 मार्च को सुबह 8:55 बजे उनका पुत्र शौर्य राजपूत मेडिकल कालेज लाया था। डाक्टर ने उपचार किया और वार्ड में रेफर कर दिया। परिजन युवक को वार्ड में ले जा रहे थे कि तभी उसकी अचानक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले गए।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान

फ्री सलाह अभी फोन करें :

GURU AADIL JI 9717810465

1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे

स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD

Consultant Physician



- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384



गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651


# रंगीन हो गया बाजार, हर कोई उल्लास को तैयार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** होली पर्व को लेकर जिले में शहर से देहात तक के बाजार गुलाल की खुशबू से महक रहे हैं। रंग, गुलाल व पिचकारियों से दुकानें सज गई हैं। साथ ही इस बार होली में बम-पटाखों व बंदूक से रंगों की बौछार होगी। दरअसल, इस बार खास तरह के रंग उपलब्ध हैं। इसमें स्मोग गुलाल, थंडर स्प्रे, मैजिक आइस व टैग शामिल हैं। लोग होली पर स्मोग गुलाल से बम फोड़ कर लोगों में गुलाल बरसा सकेंगे तो वहीं थंडर स्प्रे के जरिए बिना छुए एक-दूसरे को गुलाल लगा सकेंगे। टैग (बैगनुमा) की मदद से बच्चे रंगों की बारिश कर सकेंगे। इस बार बाजार में 50 रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक की पिचकारी उपलब्ध है।

**हर्बल गुलाल की ज्यादा मांग:** लोग होली में अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा जागरूक हो गए हैं। इस बार हर्बल गुलाल की ही लोग मांग कर रहे हैं और केमिकल वाले रंग से दूरियां बनाए हुए हैं। दुकानों में केमिकल युक्त रंग बहुत कम हैं। अधिकांश दुकानों में गुलाल ही बेचा जा रहा है। इसके अलावा खुशबू वाली सेंटेड गुलाल की मांग ज्यादा है। रंगों की दोनाली बंदूक, अनार बम से हरे, नीले, पीले और लाल रंगों की बौछार से सराबोर कर सकेंगे। गुलाल की वैरायटी भी अलग-अलग है। 12 रंग का गुलाल बाजार में है। चेहरे को नुकसान नहीं पहुंचाने वाला हर्बल गुलाल भी है। सुगंधित रंग भी पिचकारी से छूटेंगे। पिचकारी और रंग, गुलाल काउंटर पर सज गए हैं।

**दिवाली के अंदाज में होली:** इस बार लोग दिवाली के अंदाज में भी होली मना सकेंगे। क्योंकि इस बार बाजार में स्मोग गुलाल उपलब्ध है। बाहर से देखने में यह बिल्कुल स्काई शोट पटाखे की तरह है। जिसको जलाने पर गुलाल की बौछार होगी। इसके अलावा बाजार में स्प्रे गुलाल भी उपलब्ध हैं।

**कुर्ता-पायजामा की मांग:** होली का रंग कपड़ा बाजार में चढ़ने लगा है। कपड़ा व्यवसायियों के मुताबिक अभी खुदरा व्यवसायी कुर्ता-पायजामा और बंडी की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। हालांकि खुदरा बाजारों में खरीदारी के लिए अभी छिटपुट ग्राहक ही पहुंच रहे हैं। व्यवसायियों के मुताबिक एक-दो दिनों में बाजार में खरीदारी को लेकर भीड़ बढ़ने की संभावना है।



नदरई गेट बाजार में रंग-गुलाल की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

### बच्चों को भायीं स्पेशल कार्टून कैरेक्टर की पिचकारियां

बाजार में बच्चों के लिए स्पेशल कार्टून कैरेक्टर के लिए पिचकारियां उपलब्ध हैं। विक्रेताओं का कहना है कि इस बार पब्जी पिचकारी की खासी मांग है। इसके साथ ही डोरीमान, मोटू पतलू, मिक्की माउस, छोटा भीम, मारिओ, स्पाइडर मैन, कैप्टन अमेरिका, आयरन मैन समेत करीब 30 से अधिक पिचकारियां हैं।

- बाजारों में रंग उड़ाने के लिए दिख रहे हैं बम, पटाखे और बंदूक
- होली को खास बनाने की तैयारी में जुटे लोगों की बाजार में रौनक



बाजार में कई तरह की पिचकारी उपलब्ध है। पिछले वर्ष के सापेक्ष अच्छे कारोबार की उम्मीद है। पिचकारियों की मांग अधिक है। 
–**बाबूराम**, रंग पिचकारी विक्रेता



होली को लेकर उल्लास है। मन में काफी खुशी है। रंग खरीदने आए हैं, लेकिन गुलाल अधिक खरीदेंगे। क्योंकि गुलाल से नुकसान नहीं होता। 
– **आशीष माहेश्वरी**, खरीददार

### जमकर बिक रही मूंछ और टोपी

चेहरे पर लगाने के लिए मूंछ, जादुई आंख, बाल व रंगीन टोपी भी बिक रही है। बाजार में होली को लेकर लोगों में उत्साह है। मांग को देखते हुए दुकानदार थोक दुकानों से खरीद में व्यस्त हैं। व्यापारियों ने कहा कि वे इस साल होली में अच्छे व्यापार की उम्मीद कर रहे हैं।

# होली मिलन में महिलाओं ने मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के एक होटल में लायंस क्लब कासगंज गोल्ड के होली मिलन समारोह में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी गई।

क्लब के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सचिव अमित वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। क्लब के एमजेएफ सतीश गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल ने होली की शुभकामनाएं दीं। हाऊ जी गेम का आयोजन मनोज सिंघल एवं अखिलेश अग्रवाल द्वारा कराया गया। पुरस्कार वितरित किया गया। डा. विकास गुप्ता, दीपक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, लकी वार्ष्णेय, रामानंदन वार्ष्णेय, सौरव सिंघल, आनंद मोहन बिंदल, मनीष अग्रवाल, विवेक बंसल, अंकीश अग्रवाल, रजत बिरला, पीयूष अग्रवाल, सचिन गुप्ता, पंकज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, मनीष अग्रवाल, राजीव माहेश्वरी, अमित माहेश्वरी, रजत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



होली मिलन कार्यक्रम में फूलों की वर्षा कर नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## डीएम-एसपी ने दीं होली की शुभकामनाएं



**कासगंज।** जिलाधिकारी सुधा वर्मा और एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। डीएम ने कहा कि होली का पर्व आपसी मनमुटाव को दूर कर लगाव और प्रेम का पर्व है।एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि होली पर्व को लेकर पूरी सतर्कता है। सभी लोगों से अपील की गई है कि आपसी सौहार्द के साथ इस पर्व को बेहद शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए।

# पांच जोन व 40 सेक्टर में बांटा गया जिला

- जिले में 1460 स्थानों पर होगा होलिका दहन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में होलिकोत्सव मनाने के लिए अभी से लोग उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। तैयारियां जोरों पर हैं। इधर, होली का पर्व को सौहार्द के साथ मनाने की अपील पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिले में सभी होलिका दहन स्थलों पर पुलिस का पहरा लगेगा। पुलिस के रिकार्ड के अनुसार 1460 स्थानों पर जिले भर में होलिका दहन होगा।

जिले में शहर से गांवों तक होली पर्व को लेकर रंगत बढ़ती जा रही है। पर्व को लेकर लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जहां शास्त्रों के अनुसार होली पूजन छह मार्च और धुलिंद्री सात मार्च की बताई जा रही है तो वहीं लोगों में यह भी चर्चा है कि होली पूजन सात मार्च और धुलिंद्री आठ मार्च को होगा। तिथि को लेकर भले ही असमंजस हो, लेकिन जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियां की है। होली पर शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां की हैं। गांव गांव पुलिस की टीमें पहुंच रही हैं और जिन लोगों से शांति भंग का खतरा है उन्हें मुचलकों पर पाबंद कर रही हैं। वहीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ पैदल मार्च कर व्यवस्थाएं देखी।



कस्बा पटियाली में अर्द्ध सैनिक बल के जवानों के साथ पैदल मार्च करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

जिले भर में होलिका दहन पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की तैयारी कर ली गई है। अवैध और मिश्रित शराब के विरुद्ध अभियान शुरू किया गया है। कहीं भी अवैध शराब की जानकारी मिलेगी तो कार्रवाई होगी। जोनल, सेक्टर व्यवस्था प्रभावी की जा रही है। जिले के पांच जोन और 40 सेक्टरों में बांटा गया है। 
– **अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

### जिले में लागू होगी सेक्टर जोनल व्यवस्था

होली पर्व पर सेक्टर और जोनल व्यवस्था भी प्रभावी रहेगी। कल से सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस महकमे के सक्रिय हो जाएंगे और अपने अपने जोन एवं सेक्टर में नजर बनाए रखेंगे और यह व्यवस्था धुलिंद्री तक लागू रहेगी।

- 3000 आरक्षी और होमगार्ड की लगाई गई ड्यूटी
- 1460 होलिका दहन स्थलों पर तैनात रहेगा पुलिस बल
- 150 उपनिरीक्षक व 20 इंस्पेक्टर देखेंगे सुरक्षा व्यवस्था


आप सभी को
होली के पावन पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं


HAPPY
HOLI


सभी क्षेत्रवासियों को होली के पर्व की
बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
पिंटू गुप्ता
व्यापारी, उझानी


सभी क्षेत्रवासियों को
होली के पर्व की
बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. हरिनिवास यादव
चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दहगवा
रामप्रसाद हॉस्पिटल दहगावा चौराह



आप सभी को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
CHATORE
CHATORE RESTRO & CAFE
Delighting Taste Buds Since 2020
WE ACCEPT OUTDOOR CATERING ORDERS
Call : 86750-45678
गौरव धींगरा
98379-99888
दीपक नारंग
97178-29881
Gandhi Ground Road, Near HDFC Bank,
Lawela Chowk, Budaun
FREE HOME DELIVERY UP TO 2KM ON ALL ORDER ABOVE INR 500/-


आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सविता गुप्ता पत्नी अनिल गुप्ता
KAJARIA TILES
CERAMICS & SANITARY
श्याम कंस्ट्रक्शन, निकट सेन्ट स्टीफेन्स स्कूल, बदायूं रोड, दातागंज
प्रो. अनिल गुप्ता मो. 9259351053


होली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
राजू मौर्य
पूनम मौर्य
पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद बदायूं



आप सभी को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
INDO FARM
EQUIPMENT LIMITED
An ISO 9001 : 2008 Certified Company
SALE | SERVICE | SPARE
अमित कुमार वर्मा
एम.डी.
Maa Durga Tractors & Motors
Opp. Block, Near Honda Showroom,
Dataganj-Badaun Road, Dataganj, Badaun
Mob. 9012390777, 9870710188
E-mail: Amitv0777@gmail.com, Website: www.indofarm.in




Happy Holi


सभी क्षेत्रवासियों को
होली के पर्व की
बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
डा. संदीप वार्ष्णेय
वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ
सत्य क्लीनिक जिला महिला अस्पताल के सामने


आप सभी क्षेत्रवासियों को होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
वीरेश यादव
प्रधान, ग्राम बादल
आदिल रशीद
सचिव, सालारपुर


आप सभी क्षेत्रवासियों को
होली के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY
HOLI
जेके सक्सेना
डीसीबी चेयरमैन


आप सभी क्षेत्रवासियों को होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
शहंशाह आलम
प्रधान, हुसैनपुर
आदिल रशीद
सचिव


आप सभी क्षेत्रवासियों को होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
पप्पू उर्फ ओंकार सिंह
प्रधान पति
ग्राम पंचायत
अजीतपुर


आप सभी क्षेत्रवासियों को होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
जितेन्द्र सिंह
ठेकेदार
मधुवन कॉलोनी,
बदायूं


आप सभी क्षेत्रवासियों को होली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
रवेन्द्र राठौर
फकीरा बाद
ग्राम प्रधान
विकासखण्ड- सालारपुर
धीरेन्द्र पाल (सचिव)

## एक नजर

### गुणवत्ता के अनुसार कंबल न देने की रिपोर्ट दर्ज

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला श्यामनगर निवासी बच्चनलाल ने बताया है कि यूपी इंड्रस्टियल कोपरेटिव एसोसिएशन द्वारा विक्रय किए गए कम्बलों की गुणवत्ता मानक के अनुसार नहीं दी। फर्जी बिल बनाकर भेज दिया। कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर तैनात महिला को पीटा

मारहरा। थाना क्षेत्र के ग्राम धरपसी निवासी पुष्पेन्द्र समेत दो लोगों के खिलाफ गांव के निवासी देवेन्द्र की पत्नी ललिता देवी ने अभियोग दर्ज कराते हुए कहा है कि वह प्राइमरी स्कूल धरपसी आंगनबाडी केन्द्र पर तैनात है। आरोपितों से एक माह के स्थान पर 10 माह का राशन मांगा गया तो नहीं दिया। नामजद लोगों द्वारा मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़िता ने मामला दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# होली के बाजार में चाइनीज पिचकारियों की भरमार

## बच्चों को लुभा रहीं जानवरों और कार्टून कैरेक्टर की आकृति वाली पिचकारियां, गुलजार रहीं दुकानें

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** होली के त्योहार पर रंग-गुलाल और पिचकारी न हों, ऐसा हो नहीं सकता, क्यों यह तो पर्व ही रंगों का है। होली खेलने के लिए बाजार में चाइनीज पिचकारियों की भरमार है। बच्चों को लुभाने वाली विभिन्न आकृतियों की पिचकारियों की डिमांड चल रही है। चाइनीज पिचकारी की किफायती और देखने में भी काफी अच्छी है।

होली के त्योहार को लेकर बाजार में रंग, पिचकारी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। नगर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों ने विभिन्न वैराइटियों की पिचकारी बाजार में उतारी हैं। इनमें चाइनीज पिचकारियों की धूम है। 50 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक की पिचकारी बाजार में उपलब्ध है। गन के साथ चिड़ियों, गुब्बारों, हाथी, डायनासुर की शक्ल वाली पिचकारियां बच्चों को खूब आकर्षित कर रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि होली के चलते पिचकारियों, रंग-गुलाल की खरीददारी को ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।



बाजार में सजी एक दुकान से पिचकारियां खरीदते लोग। ● अमृत विचार

### चिप्स और पापड़ की धूम

एटा। बदले समय में अब महिलाएं होली पर घरों में पापड़, चिप्स और सेव बनाने के झंझट से बचने लगी हैं। यही वजह है कि बाजार में रेडीमेड पापड़, चिप्स की धूम मची है। रंग-बिरंगे पापड़-कचरियों की विभिन्न वैराइटियां महिलाओं को लुभा रहीं हैं। नगर में पापड़, चिप्स, कचरी, सेव आदि की करीब तीन दर्जन स्थायी और एक सैकड़ा से अधिक फेरीवाले दुकानदार इस कारोबार से जुड़े हैं। किराना बाजार की पापड़ मंडी में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। साबूदाना, मैदा, रवा, दाल के भी चिप्स व पापड़ लोगों की पसंद बने हुए हैं।

### होली पर बाजार भी हो गई रंग-बिरंगी, जाम मुसीबत



शहर में लगी एक दुकान से रंग,गुलाल और फनी मुखौटे खरीदते लोग।

**एटा, अमृत विचार :** होली पर्व को मनाने के लिए रविवार को बाजारों में भीड़ इस कदर उमड़ी कि सभी मार्केट फुल हो गए हैं। खासकर रेडीमेड कपड़ों, मिष्ठान भंडार, किराना मार्केट और रंग, गुलाल-अबीर व पिचकारियों से सजी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। एक तो भीड़ और ऊपर से फुटपाथों व सड़क तक पर अतिक्रमण कर लिए जाने से लोगों का आवागमन बाधित हुआ। शहर के व्यस्ततम बाजार घंटाघर, बाबूगंज, सब्जी मंडी, मेहता पार्क, हाथीगेट, गांधी मार्केट, बजरिया, किराना बाजार आदि मार्केट में आलम यह है कि दुकानदारों ने नाले बंद करके उन पर अपने काउंटर सजा लिए। यही नहीं फुटपाथ पर सामान पसारकर सजा लिया। किसी-किसी दुकानदार ने तो आधी सड़क तक कब्जा रखा। इनमें विशेषकर होली पर्व पर सर्वाधिक बिकने वाले पापड़-कचरियां, पिचकारियां, रंग और अबीर-गुलाल के फड़ तो दर्जनों स्थानों पर अस्थाई तौर पर लगे हुए हैं।

# भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए बनाई कमेटी

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- सभासदों द्वारा बीते दिनों पालिका परिषद पर लगाया था अनियमितता का आरोप
- एडीएम ने सभासदों और समाचार पत्रों में छपी खबर का लिया संज्ञान

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में अनिमियतता, क्षेत्र में सुविधाओं के अभाव व भ्रष्ट्राचार के मामले में अपर जिलाधिकारी आरके पटेल ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों एवं सभासदों की शिकायतों का संज्ञान लिया है और मामले की जांच का आदेश करते हुए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

इस जांच कमेटी में विद्तय विभाग, जल निगम, निर्माण विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर एवं सहायक लेखाधिकारी सहित उपजिलाधिकारी पटियाली को शामिल किया गया है। जो अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मामले की जांच करेंगे। गठित जांच कमेटी जलभराव, संरक्षित तालाब में प्रदूषण, 15वें वित्त में ग्रांट, आय-व्यय, पालिका में आयी ग्रांट, ठेकदारों द्वारा नाली के जालों को गुणवक्ता पूर्ण नहीं लगाए जाना एवं निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री के प्रयोग सहित अनेक बिंदुओं पर जांच कर रिर्पोट अपर जिलाधिकारी को सौंपेगी। जांच कमेटी के गठन की सूचना के बाद पालिका के कर्मचारियों में खलबली मची हुई है। बता दें कि बीती दो मार्च को हुई पालिका बोर्ड बैठक का 11 सभासदों द्वारा बहिष्कार के बाद मामले ने तूल पकड़ा था। कई सभासदों द्वारा बैठक को नियम विरुद्ध कराने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत डीएम कार्यालय में की थी।



# पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने किया फ्लैग मार्च



अर्द्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च करती अवागढ़ थाना पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता,अवागढ़

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव, रमजान, होली के त्योहार को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क बना हुआ है।

रविवार को अवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक जयेंद्र प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में अर्ध सैनिक बल के जवानों के साथ थाना कोतवाली से लेकर बारहद्वारी, मेंन बाजार, अखाड़ा चैराहा, लोहामंडी, रोडवेज तिराहा, यादव नगर, मोहनपुर, मंडपुरा, नगला बधा, जिनावली, आदि गांवों सहित नगर की प्रमुख गलियों में फ्लैग मार्च कर लोगों से होली के त्यौहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाने, किसी के भी ऊपर जबरन रंग न डालने, त्योहार को नशा मुक्त होकर मनाने की मुनादी थाना प्रभारी द्वारा की गई। वहीं निडर होकर मतदान करने का आवाहन भी किया गया।

अफवाहों पर ध्यान ना देने, किसी की बहकावे में ना आने, गलत लोगों या चुनाव में गड़बडी करने वालों, की सूचना तत्काल थाना कोतवाली में देने की अपील की गई। निरीक्षक अपराध मुकेश कुमार, मोहनलाल गौतम, रामतेज सिंह, इंद्रपाल सिंह, आदि थे।

# सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को मजबूत बनाते हैं त्योहार

**कासगंज, अमृत विचार :** कस्बा अमांपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कस्बा के प्रभुपार्क में स्वयं सेवकों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि त्योहार सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत बनाते हैं।

विधायक हरिओम वर्मा ने कहा कि सभी को आपसी भेदभाव छोड़ मिल जुलकर होली मनानी चाहिए। नगर संघचालक राकेश पाराशर ने कहा कि संघ समाज में एकजुटता लाने का माध्यम है। इस दौरान लोगों ने होली गीतों पर प्रस्तुतियां भी दीं। जिला महामंत्री संजय सोलंकी, बिजेश वर्मा, सत्यवीर सिंह, नगर कार्यवाह गौरव गुप्ता, नगर संघचालक उमाशंकर साहू, नगर शारीरिक प्रमुख प्रशान्त आर्य, जिला संपर्क प्रमुख डा. शिवांशु अग्रवाल, धीरज गुप्ता, उपखंड कार्यवाह पुष्पेंद्र वर्मा, विजय गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र राजपूत, प्रधान राजू वर्मा, मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता, प्रधान पुष्पेंद्र वर्मा आदि रहे।

# नशे में सड़क पर लेटा युवक वाहन की चपेट में आकर मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- दो अन्य हादसों में दंपती समेत तीन लोग गंभीर घायल

**अमृत विचार :** जिले में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है। वहीं मृतक का शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।



जितेंद्र

ढोलना थाना क्षेत्र के गांव पथरेकी में शनिवार-रविवार की रात लगभग दो बजे जिला हाथरस के सदर कोतवाली क्षेत्र के बेलन सराह कोठी निवासी जितेंद्र पुत्र गजाधर को वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे जितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पुलिस के साथ-साथ परिजनों को दी गई। मृतक के ताऊ लक्ष्मी नारायण ने बताया कि जितेंद्र कासगंज विकास भवन में चपरासी के रूप में कार्यरत था। इंस्पेक्टर अजयवीर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जितेंद्र नशे की हालत में सड़क पर घूम रहा था और सड़क पर लेट गया किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। तहरीर मिल गई है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी घटना ढोलना थाना क्षेत्र के गांव महावर के निकट घटित हुई। जिला अलीगढ़ के गांव मलसई निवासी विनोद पुत्र तोताराम सड़क किनारे खड़े थे कि तभी ट्रैक्टर चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से अलीगढ़ रेफर किया गया है। तीसरी घटना सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के गांव पीतम नगर हडौरा निवासी महाराज सिंह के साथ घटित हुई। महाराज सिंह पत्नी मोहरश्री के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें दंपती गंभीर रूप से घालय हो गए। दोनों घायलों को पटियाली सीएससी में भर्ती कराया गया।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में फिरोजाबाद के युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई।

जनपद फिरोजाबाद के एका थाना क्षेत्र के ग्राम पैड़त निवासी रोहित कुमार (25) पुत्र हरिओम और उसका भाई सुमित कुमार दिल्ली में नौकरी करते थे। होली पर्व पर दोनों भाई रोडवेज बस में सवार होकर शनिवार की रात घर जा रहे थे। सिकंदरा फ्लाई ओवर पर तकनीकी खरीबी आने के कारण बस बंद हो गई और बैक होने लगी। चालक ने गाड़ी रोकने का प्रयास किया तब तक रोहित खिड़की से नीचे गिर गया और बस की चपेट में आकर घायल हो गया। स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र से रोहित को एटा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। यहां डाक्टर ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है।

दूसरी ओर सकीट थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर लोकसपुर निवासी हेमंत कुमार (35) पुत्र महाराज सिंह को 22 मार्च को घुटलई गांव के पास बाइक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। उसका आगरा में उपचार चल रहा था। शनिवार की रात 10:30 बजे आगरा के एसएन अस्पताल में मौत हो गई। सकीट पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।





**रोड़वेज बस में पीछे से कैंटर ने मारी टक्कर, 8 यात्री घायल : एटा।** पिलुआ थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित ग्राम भदुआ के समीप खड़ी रोडवेज बस में तेज रफ्तार कैंटर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों में जनपद मैनपुरी के डूडीवरी कुचंला निवासी अंशिका पुत्री अनिल कुमार, यहीं के निवासी रामू , जैथरा निवासी राजकुमार, पिलुआ के गांव भदुआ निवासी सरिता देवी, जनपद मैनपुरी के करहल थाना क्षेत्र के गांव नगला जंगी निवासी मनीष, मैनपुरी के भौगांव निवासी पंकज , जैथरा निवासी संदेश कुमार घायल हुआ है। सभी को 108 एम्बुलेंस ने 24 मार्च 2024 को सुबह 7 बजे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। इनमें से राजकुमार और रामू की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### मार्ग दुर्घटनाओं में महिला समेत चार घायल

**अवागढ़ :** नगर से करीब 2 किलो मीटर दूर टूण्डला रोड पर मोटरसाईकिल और ऑटो की टक्कर हो गई। रविवार को दोपहर हुए इस सड़क हादसे में अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी मुनेश कुमार ह, सरोज देवी घायल हो गई। मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। दूसरी ओर शिकोहाबाद रोड स्थित निधौलीखुर्द गांव के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में कोतवाली देहात के गांव नगला धनी निवासी डोरीलाल पुत्र किताब सिंह, रिजोर थाना क्षेत्र के गांव नगला भजुआ निवासी हरी सिंह पुत्र प्रयाग सिंह घायल हो गया। दोनों का मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा है।

# धनगर समाज ने किया होली मिलन





होली मिलन समारोह के दौरान उपस्थित धनगर समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार:** अहिल्याबाई होलकर इंटर कालेज, खेरिया, जमों जलेसर में धनगर समाज ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेम सिंह वर्मा ने की। संचालन सीए बी एस बघेल एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विनोद धनगर ने कहा कि समाज में होली सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई जाए। होली एक दूसरे से मिलने का हिंदूओं का पवित्र उत्सव है। चुनाव का ध्यान रखते हुए शांतिपूर्वक होली मनाएं। रंग की अपेक्षा गुलालों का प्रयोग करें। धनगर समाज के सभी आगंतुकों ने फूलों व गुलाल से होली खेली। एक दूसरे से गले मिले। मुख्य रूप से योगेश बघेल,झलकेंद्र बघेल, कालेज प्रबंधक राजकुमार बघेल,सोनू धनगर, लालू बघेल, कोमेडियन हरीश बघेल ललित बघेल, महेंद्र बघेल पूर्व प्रधान, कालीचरन बघेल, सुनील बघेल, अनिल प्रधान आदि जलेसर विधानसभा के धनगर समाज के लोग उपस्थित रहे।





शहर के नदरई बाजार में दुकान से पिचकारी खरीददारी करते लोग। ● एजेंसी

# रासायनिक रंगों से बचें,खुशी के साथ मनाएं होली का पर्व

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** रंगों के बिना होली का त्योहार फीका है, लेकिन होली की मस्ती में यह न भूलें की स्वास्थ्य सबसे पहले हैं। बाजारों में आ रहे रसायनिक रंग त्वचा को खराब कर सकते हैं। ऐसे में इनसे परहेज करें। होली में कपूर जलाएं, जिससे मच्छरों का प्रकोप रुकेगा। चिकित्सक भी इसी तरह की सलाह दे रहे हैं।

नीरज जैन ने कहा कि सही मायने में होली पर्व पर रंग खेलते समय सतर्कता बरतनी चाहिए। हरे रंग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। हमारा प्रयास रहना चाहिए है कि गुलाल से होली खेली जाए और खुशियों के यह पर्व मनाया जाए। मुनेश राजपूत ने कहा कि पहले टेसू के फूलों की होली होती थी, जो इस मौसम में सेहत के लिए फायदेमंद होते थे। होली में कपूर जलाया जाता था, ताकि बदलते मौसम में मच्छर एवं अन्य कीड़े नष्ट हो जाएं। मगर आज की पीढ़ी ने होली का स्वरूप बदल दिया है।

> आज होली के मायने बदल गए हैं। यह संस्कृति से जुड़ा पर्व है। कुछ बदलाव की भी जरूरत है। होली पर हरी लकड़ी को नहीं जलाना चाहिए। केमिकल रंग का प्रयोग न करें। यहां तक संभव हो सूखे गुलाल की होली खेलें। **– केके सक्सेना**



> रसायनिक रंग शरीर के लिए नुकसानदेह हैं। होली प्रेम का त्योहार है। पहले कई दिन तक होली चलती थी। लोग एक दूसरे के घर मिलने जाते थे, अब तो होली का पूरा स्वरूप ही बदल गया है। **– संतोष,** हिंदुस्तानी



# शराब सेल्समैन समेत दो लोगों को दबंगों ने पीटा

**एटा, अमृत विचार:** मलावन थाना क्षेत्र के गांव दलेलपुर निवासी ओमकार सिंह पुत्र बद्री सिंह ने बताया कि वह सेंथरी चैकी के सामने पुरा रोड 220 मीटर की दरी स्थित शराब के ठेका पर सेल्समैन हूं। तीन फरवरी 2024 को रात 8 बजे ठेका के पास केंटीन का सामान रखकर बैठे भतीजे विकास से कोतवाली देहात के गांव भदों निवासी इन्द्रपाल उर्फ भोला ने अपने साथी गोविंद, केपी सिंह, निवासी भदों के साथ मिलकर मारपीट की। वह उसे बचाने गया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीटकर धमकी दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आरपीएफ, जीआरपी ने की स्टेशन और ट्रेनों में चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- संदिग्धों की ली तलाशी, यात्रियों को जहरखुरानी को लेकर किया जागरूक
- आरपीएफ के पोस्ट कमांडर के नेतृत्व में चलाया गया अभियान अवैध वेंडर्स को दी हिदायत

**अमृत विचार :** होली पर्व को लेकर जीआरपी एवं आरपीएफ भी सतर्कता बरत रही है। पुलिस ने अभियान चलाकर स्टेशन और ट्रेनों में चेकिंग की। संदिग्ध दिखाई दिए लोगों की तलाशी ली उनसे पूछताछ की। ट्रेन यात्रियों को जहरखुरानी की घटना से बचने के लिए जागरूक किया गया।

आरपीएफ के पोस्ट कमांडर रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने रेलवे स्टेशन एवं आने जाने वाली ट्रेनों में चेकिंग की। चेकिंग के दौरान संदिग्ध दिखाई दिए लोगों की लगेज की तलाशी ली गई। उनसे पूछताछ की गई। यात्रियों को जहरखुरानी से बचने के लिए जागरूक किया गया। बताया कि ट्रेन यात्रा के दौरान किसी भी अपरचित व्यक्ति से अनावश्यक मेलझोल न बढ़ाएं। अपरचित व्यक्ति द्वारा दिए गए खाद्य पदार्थ का सेवन न करें। किसी भी प्रलोभन में न आए। अन्यथा जहरखुरानी का शिकार हो सकते हैं। चेकिंग के दौरान अवैध वेंडरों को भी हिदायत देकर स्टेशन से हटाया गया।

चेकिंग के दौरान अपराध अधिसूचना शाखा का डाग स्क्वायड दल भी मौजूद रहा। चेकिंग के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नजर नहीं आया।

# एक शराब तस्कर गिरफ्तार, 740 ली. शराब बरामद

**एटा, अमृत विचार:** अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली देहात पुलिस द्वारा रविवार को ग्राम नगला मदी की पुलिया के पास खेतों से पुष्पेन्द्र निवासी गणेशपुर नंगला मुही थाना कोतवाली देहात को पकड़कर 700 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद तथा 1000 लीटर लहन नष्ट किया गया। उसका साथी भागने में सफल रहा।

दूसरी ओर 24 मार्च को थाना नयागांव पुलिस द्वारा ढकपुरा पुल मैनपुरी बार्डर पर चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नदी के किनारे 600 लीटर लहन मिली जो मौके पर नष्ट की गयी तथा 40 लीटर देशी कच्ची शराब व शराब को बनाने के उपकरण बरामद किये गये प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# जिले में 255 मदरसों पर गहराया संकट बिना मान्यता वालों पर लटकेगा ताला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हाईकोर्ट का आदेश आने पर मदरसों के संचालन पर खड़ा हुआ संकट
- हाईकोर्ट ने मदरसा बोर्ड को किया है असंवैधानिक घोषित
- जिले में दो सहायता प्राप्त, 214 वित्तविहीन और 41 हैं बिना मान्यता प्राप्त मदरसा

**अमृत विचार :** जिले में 255 मदरसों के संचालन पर संकट के बादल मंडरा गए हैं। शासन की कार्रवाई की जद में बिना मान्यता चल रहे मदरसों के आने के बाद अब हाईकोर्ट ने मदरसा बोर्ड को असंवैधानिक करार दे दिया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के बाद अल्पसंख्यक विभाग के अधीन चल रहे मदरसों के संचालन पर संकट उठ खड़ा हो गया है।

शासन द्वारा अल्पसंख्यक विभाग से जिले में संचालित सभी 255 मदरसों का ब्यौरा पिछले साल सितंबर माह में मांगा गया था। इनमें 2 सहायता प्राप्त, 214 वित्त विहीन और 41 बिना मान्यता प्राप्त मदरसा शामिल थे। पिछले साल मदरसों का ब्यौरा मांगने के बाद शासन के निर्देश पर गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सत्यापन किया गया।

तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रुहेल आजम की जिले की पांचों तहसीलों में मदरसों का सत्यापन हुआ था। सत्यापन के दौरान अधिकारियों को 41 मदरसा गैर मान्यता प्राप्त संचालित होते मिले थे। वहीं दूसरी ओर सरकार मामले की जांच एसआईटी से करा रही थी। जांच रिपोर्ट में इन मदरसों को बंद किए जाने की संस्तुति कर दी गई थी। इसी बीच शुक्रवार को उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने मदरसा बोर्ड को असंवैधानिक करार दे दिया है। इससे मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता के साथ सहायता प्राप्त मदरसों के संचालन पर संकट आ गया है।

> हाईकोर्ट की ओर से मदरसा के संबंध में कोई आदेश हुआ है। जो शासन से अभी प्राप्त नहीं हुआ है। शासन से आदेश प्राप्त होने के बाद अनुपालन किया जाएगा। **– मोहम्मद खालिद,** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

# दुष्कर्म के आरोपित समेत पांच लोग गिरफ्तार

**जलेसर, अमृत विचार:** जलेसर थाना पुलिस ने अपरहण के बाद नाबालिग से दुष्कर्म मामले में जनपद फिरोजाबाद के सिरसागंज थाना क्षेत्र के गांव नंदपुर निवासी दिनेश पुत्र रामसिंह को गिरफ्तार किया है।

सकीट पुलिस द्वारा अवैध तमंचा समेत क्षेत्र के गांव कोंची डेरा निवासी सलमान पुत्र अतरू को बंदी बनाया है। कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 350 ग्राम मादक पदार्थ समेत कोतवाली नगर के मोहल्ला कटरा पुरानी बस्ती निवासी संदीप जैन पुत्र सुरेन्द्र कुमार जैन को पकड़ा है। नयागांव थाना पुलिस द्वारा मारपीट के आरोप में नयागांव के लाडमपुर कटारा निवासी उदयवीर सिंह और सीताराम को दबोच लिया।

